C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 5:19 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 6:33 बजे

सांध्य दैनिक

उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 129 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 11 नवंबर 2026

रामायण देवकर ड्रीम गर्ल हेमा...पेज-3 पर

News

कॉर्नर

सिर्फ हैंडराइटिंग एक्सपर्ट की राय पर दोषसिद्धि नहीं: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि केवल हैंडराइटिंग एक्सपर्ट की राय के आधार पर किसी आरोपी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। विशेषज्ञ की राय की पुष्टि के लिए ठोस प्रत्यक्ष या परिस्थितिजन्य साक्ष्य होना जरूरी है। अदालत ने कहा कि हस्तलेखन की पहचान कोई अचूक विज्ञान नहीं है, इसलिए साक्ष्य अधिनियम की धारा 45 के तहत विशेषज्ञ की राय को काफी सावधानी के साथ स्वीकार किया जाना चाहिए। जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय की पीठ ने पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में दोषी ठहराए गए गोवर्धन को बरी करते हुए यह टिप्पणी की। पीठ ने कहा कि यदि अभियोजन पक्ष किसी दस्तावेज का हस्तलेखन आरोपी से जोड़ने के लिए विशेषज्ञ की रिपोर्ट पर भरोसा करता है और आरोपी रिपोर्ट की सत्यता स्वीकार नहीं करता तो विशेषज्ञ को अदालत में गवाही के लिए पेश करना जरूरी है। जिरह के जरिये उसकी राय की जांच की जानी चाहिए।

दिवाली पर कांग्रेस के बयान को लेकर भड़के सुधांशु त्रिवेदी

नई दिल्ली। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी बुधवार को विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस की दिवाली वाले बयान और सोनिया गांधी के संस्मरण को लेकर भी हमला बोला। उन्होंने विपक्ष को हिंदू विरोधी बताया। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, जब देश विकास की नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है, तो राजनीति नए निचले स्तरों की ओर जाती दिख रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दिवाली को खुशियों की ईद में बदल दिया। यह काफी हैरानी की बात है, क्योंकि कर्नाटक में - जहां से वे आते हैं - कन्नड़ भाषा में त्योहार के लिए उत्सव या हब्बा शब्द का इस्तेमाल होता है। फिर यह ईद शब्द कहां से आ गया? इससे पता चलता है कि भारतीय धर्म और संस्कृति का किस हद तक अपमान किया जा सकता है।

आज शीतकाल के लिए बंद हुए केदारनाथ धाम के द्वार

चमोली

हमारे संवाददाता

चारधाम यात्रा अब अपने समापन की ओर है। मंगलवार को गंगोत्री धाम के कपाट बंद हुए थे। आज केदारनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए हैं। यमुनोत्री मंदिर के कपाट भी आज बंद होंगे। केदारनाथ धाम के कपाट आज11 नवंबर को सुबह 8:30 बजे शीतकाल के लिए विधि-विधान के साथ बंद कर दिए गए हैं। कपाट बंद होने के बाद बाबा केदार की डोली शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर, ऊखीमठ के लिए रवाना हो गई है। इससे पहले मंगलवार को नगर पंचायत केदारनाथ



की ओर से धाम क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के तहत मंदिर परिसर और आसपास बिखरे कूड़े को एकत्र कर नजदीकी एमआरएफ सेंटर पहुंचाया गया जहां कचरे का पृथक्करण और निस्तारण किया जाएगा। कपाट बंद होने के मद्देनजर धाम क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए नगर पंचायत के सफाई मित्रों ने विभिन्न स्थानों पर सफाई की गई। जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने संबंधित संस्थाओं और विभागों को आपसी समन्वय से काम करते हुए क्षेत्र में सफाई सहित अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

मां यमुना मंदिर के कपाट आज होंगे बंद

यमुनोत्री धाम के कपाट भैयादूज पर बुधवार सुबह 10:28 बजे वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। इसके बाद मां यमुना की उत्सव डोली शीतकालीन प्रवास के लिए खरसाली गांव रवाना होगी। यमुनोत्री मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष कपाट बंद करने का शुभ मुहूर्त शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि, अनुराधा नक्षत्र, सौम्य योग और धनु लग्न में सुबह 10:28 बजे निर्धारित किया गया है। मंदिर समिति के सचिव सुनील उनियाल और प्रवक्ता पुरुषोत्तम उनियाल ने बताया कि यमुनोत्री धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद होने के बावजूद श्रद्धालुओं को मां यमुना के दर्शन और पूजा-अर्चना का अवसर मिलता रहेगा।

मंत्री रेखा आर्या प्रकरण: वायरल ऑडियो की होगी जांच

गिरधारी लाल साहू के वाइस सैंपल के लिए अब कोर्ट जाएगी एसआईटी

देहरादून

हमारे संवाददाता

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या और उनके पति गिरधारी लाल साहू के बीच चल रहे विवाद में अब वायरल ऑडियो की सत्यता जांचने की तैयारी है। विशेष जांच दल (एसआईटी) गिरधारी लाल साहू का वाइस सैंपल लेने के लिए कोर्ट में अर्जी दाखिल करेगा। दीपावली की छुट्टियों के बाद न्यायालय खुलने का इंतजार किया जा रहा है। कोर्ट से अनुमति मिलने के बाद गिरधारी का वाइस सैंपल लेकर उसे फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) भेजा जाएगा। वहां वायरल ऑडियो में सुनाई दे रही आवाज से उसका मिलान कराया जाएगा।

मंत्री रेखा आर्या ने 15 अक्टूबर को कैंट कोतवाली में पति गिरधारी लाल साहू और उनके भतीजे सत्येंद्र राठौड़ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें उन्होंने गिरधारी पर धोखाधड़ी, मारपीट, जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने और जान से मारने की साजिश रचने समेत



कई गंभीर आरोप लगाए थे। मंत्री ने एक कथित ऑडियो रिकॉर्डिंग को भी साजिश के आरोपों का आधार बनाया था। वहीं, गिरधारी लाल साहू ने इन आरोपों को खारिज करते हुए ऑडियो को एआई से तैयार फर्जी रिकॉर्डिंग बताया था।

मामले की जांच के लिए एसएसपी ने नौ सदस्यीय एसआईटी गठित की थी। जांच के दौरान कई बार नोटिस देने के बावजूद पूछताछ में शामिल न होने पर पुलिस ने कोर्ट से गैर जमानती वारंट हासिल किया था। इसके बाद एसआईटी ने उत्तर प्रदेश के झांसी से गिरधारी लाल साहू और बरेली से उनके भतीजे सत्येंद्र को गिरफ्तार किया था।

अब जांच टीम ऑडियो की प्रमाणिकता की पुष्टि के लिए वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने पर जोर दे रही है। वाइस सैंपल और वायरल ऑडियो की आवाज का मिलान इस जांच में अहम कड़ी साबित हो सकता है। एसआईटी प्रभारी जया बलोनी ने बताया कि कोर्ट खुलने पर गिरधारी का वाइस सैंपल लेने के लिए अर्जी दी जाएगी। अदालत का जो भी फैसला होगा उसी के अनुरूप आगे की कार्रवाई होगी।

असम: गुवाहाटी के नजदीक कोलकाता-सैरांग एक्सप्रेस के छह कोच पटरी से उतरे, कई घायल

असम/नई दिल्ली

एजेंसी

असम के गुवाहाटी के पास डिगारू रेलवे स्टेशन पर बुधवार सुबह कोलकाता-सैरांग एक्सप्रेस के छह डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसे में कई यात्री घायल हुए हैं। रेलवे ने बचाव अभियान शुरू कर दिया है।

असम के गुवाहाटी के बाहरी इलाके में बुधवार सुबह बड़ा रेल हादसा हो गया। यहां डिगारू रेलवे स्टेशन के पास कोलकाता-सैरांग एक्सप्रेस के कम से कम छह डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसे में कई यात्री घायल हुए हैं। हालांकि, रेलवे अधिकारियों ने अब तक किसी की मौत की पुष्टि नहीं की है।



घायलों की सही संख्या और उनकी स्थिति के बारे में आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, हादसा बुधवार सुबह करीब 6:54 बजे हुआ। मिजोरम के सैरांग से कोलकाता जा रही ट्रेन के छह डिब्बे और उसका इंजन पटरी से उतर गए। घटना की सूचना मिलते ही पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (NFR) के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए। बचाव और बहाली अभियान शुरू कर दिया गया है। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (CPRO) कपिंजल किशोर शर्मा ने मीडिया से बातचीत में बताया कि डिगारू रेलवे स्टेशन पर कोलकाता-सैरांग एक्सप्रेस के छह डिब्बे सुबह 6:54 बजे पटरी से उतरे।

घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। हालांकि, हादसे में कई यात्रियों के घायल होने की जानकारी सामने आई है। घायलों की संख्या और उनकी चोटों की गंभीरता की आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है। रेलवे और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी स्थिति का आकलन कर रहे हैं। प्रभावित यात्रियों को सहायता उपलब्ध कराने के इंतजाम भी किए जा रहे हैं।

नगर निगम के पेट्रोल पंप पर युवकों का तांडव, कर्मचारियों से अभद्रता और तोड़फोड

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

शहर के बीचोंबीच नगर निगम के पेट्रोल पंप परिसर में देर रात कुछ युवकों ने जमकर हुड़दंग मचाया। मामूली बात पर शुरू हुआ विवाद इस कदर बढ़ा कि युवकों ने न केवल कर्मचारियों से अभद्रता की, बल्कि शौचालय में भी तोड़फोड़ कर दी।

सरकारी परिसर में हुए इस उत्पात से कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। घटना के बाद आरोपित युवक मौके से फरार हो गए। वेलेजली क्षेत्र के कुछ युवक देर रात नैनीताल रोड स्थित नगर निगम के पेट्रोल पंप पर पहुंचे। आरोप है कि युवकों ने जबरन शौचालय इस्तेमाल करने की कोशिश की। कर्मचारियों ने नियमों का हवाला देते हुए विरोध किया तो युवक उनसे उलझ पड़े। देखते ही देखते कहासुनी ने उग्र रूप ले लिया और युवकों ने गुस्से में शौचालय में तोड़फोड़ शुरू कर दी। कर्मचारियों के साथ भी अभद्र व्यवहार किया गया।

घटना के बाद नगर निगम प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए भोटिया पड़ाव पुलिस चौकी में तहरीर दी है। नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने पेट्रोल पंप परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपितों की पहचान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस से मामले में आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया है। अब देखना होगा कि सरकारी परिसर में उत्पात मचाने वाले युवकों की पहचान कर पुलिस कब तक उन्हें कानून के शिकंजे में लेती है।

औली में शुरू होंगे विंटर गेम्स 12 महीने पर्यटन से गुलजार

देहरादून। चारधाम यात्रा के बाद अब उत्तराखंड में पर्यटन का नया सीजन शीतकाल में भी रफ्तार पकड़ेगा। बर्फ से लकदक पहाड़, रोमांचक साहसिक गतिविधियां और आध्यात्मिक स्थलों की यात्रा पर्यटकों को सालभर प्रदेश की ओर आकर्षित करेगी।

पर्यटन को 12 महीने की गतिविधि बनाने के लिए प्रदेश सरकार ने शीतकालीन यात्रा, एडवेंचर और वेलनेस टूरिज्म का खाका तैयार किया है। इसी कड़ी में चमोली जिले के औली में कृत्रिम बर्फ जमाकर विंटर गेम्स कराने की तैयारी है। वर्ष 2018 के बाद यहां फिर से शीतकालीन खेलों के आयोजन की उम्मीद जगी है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ पर्यटन है। चारधाम यात्रा के बाद अब सरकार का फोकस शीतकाल पर्यटन पर है।

श्री खाटू श्याम मंदिर मुखानी में अन्नकूट भंडारे का आयोजन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

श्री खाटू श्याम मंदिर तल्ली बमौरी मुखानी में गोवर्धन पूजा का आयोजन और अन्नकूट भंडारे का आयोजन किया गया। प्रात: श्री खाटू श्याम जी का श्रृंगार किया गया और पूजा अर्चना की गयी।

सभी श्याम भक्तो ने श्री खाटू श्याम जी की आरती के बाद उन्हें अन्नकूट भोग लगाया गया और उसके पश्चात् हजारों श्याम भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित पुष्कर दत्त शास्त्री, पंडित ललित मोहन पांडेय, पंडित पूरन चंद्र पांडेय, पंडित हेम, द्वारा पूजा संपन्न की गयी। यजमान साकेत अग्रवाल, सौम्या अग्रवाल, आदेश अग्रवाल, जयप्रकाश अग्रवाल, मदन, मोहन



अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, विपुल अग्रवाल, विजय प्रकाश अग्रवाल, चंदन सिंह अधिकारी, रेनू पांडेय, रंजना पांडे ने पूजा की। राजयसभा सांसद दिनेश आर्य,सिद्धांत अग्रवाल,भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट,भवानी शंकर नौरंज,रामलीला कमेटी मुखानी अध्यक्ष मनीष कपिल, समीर आर्य,बॉबी आर्य, विनीत टंडन,मनीष साह, तारु तिवारी, प्रकाश, राकेश, दीपक आदि ने प्रसाद वितरण में सहयोग किया।

दिल्ली हुई दमघोंटू: नैनीताल की ताजी हवा दे रही पर्यटकों को सुकून

दिवाली की छुट्टियों में पहाड़ों का रुख कर रहे पर्यटक



नैनीताल

अफ़ज़ल हुसैन फौजी

दिवाली के बाद दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। जहरीली हवा और धुंध के बीच सांस लेना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में सुकून और स्वच्छ वातावरण की तलाश में पर्यटक पहाड़ों का रुख कर रहे हैं। उत्तराखंड की सरोवर नगरी नैनीताल इन दिनों ऐसे पर्यटकों के लिए पसंदीदा ठिकाना बनी हुई है। यहां की ताजी हवा, खुशनुमा मौसम और खूबसूरत वादियां लोगों को प्रदूषण भरे शहरी माहौल से अलग सुकून का एहसास करा रही हैं।

दिल्ली से नैनीताल घूमने पहुंचे पर्यटक आदित्य का कहना है कि वह दिवाली की छुट्टियों में यहां आए हैं। नैनीताल पहुंचकर उन्हें ताजी हवा और खुशनुमा वातावरण से काफी राहत मिल रही है। यहां की खूबसूरत वादियां और शांत माहौल शहरों के शोर-शराबे से बिल्कुल अलग है। उन्होंने पर्यटकों से अपील की कि पहाड़ों में घूमने के दौरान साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें और पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें।

वहीं, साउथ दिल्ली के एक कॉलेज में पढ़ने वाले पर्यटक सौरभ बताते हैं कि उनके घर के आसपास काफी हरियाली और पेड़-पौधे हैं, इसके बावजूद वहां प्रदूषण का स्तर काफी अधिक है। अधिक आबादी वाले इलाकों में स्थिति और भी गंभीर है। इसके विपरीत नैनीताल पहुंचकर उन्हें अलग ही अनुभव हो रहा है। यहां की स्वच्छ और ताजी हवा उन्हें बेहद सुकून दे रही है।

के साथ राहत भी दे रही है। दिल्ली से नैनीताल पहुंचीं पर्यटक मिली शुक्ला का कहना है कि इस बार दिवाली के दौरान पटाखों और बढ़ते प्रदूषण के कारण दिल्ली में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रदूषण के चलते वातावरण में घुटन महसूस हो रही है। ऐसे में नैनीताल आकर उन्हें काफी राहत मिली है। यहां का शांत वातावरण, प्राकृतिक सुंदरता और ताजी हवा उन्हें बेहद सुकून दे रही है।

प्रदूषण तो घटा था लेकिन सुबह एक्यूआई 451

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की वायु गुणवत्ता में मामूली सुधार देखा गया। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 344 से घटकर 299 पर पहुंच गया। हालांकि, प्रदूषण का स्तर अभी भी बहुत खराब श्रेणी में बना हुआ है। बुधवार सुबह दिल्ली से एनसीआर तक के कई इलाकों में एक्यूआई 300 से 500 के करीब दर्ज किया गया। यह सभी आंकड़े बुधवार सुबह 8:30 बजे के हैं, जो एक्यूआई डॉट इन से लिए गए हैं।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, बुधवार को दिल्ली में इंडिया गेट के आसपास वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 242 है, जो खराब श्रेणी में है। वहीं, आनंद विहार में एक्यूआई 303 दर्ज किया गया है, जिसे बहुत खराब श्रेणी में रखा गया है। भारत में प्रदूषण की स्थिति दिन पर दिन खराब होती जा रही है। हाल यह है कि दुनिया के 100 सबसे प्रदूषित शहरों में भारत के 91 शहर हैं।

काशीपुर में 246, रुद्रपुर में 232 पहुंचा एक्यूआई

काशीपुर। दीपावली पर हुई आतिशबाजी के बाद जिले की हवा जहरीली हो गई है। रुद्रपुर और काशीपुर के वातावरण में में प्रदूषण दोगुने से ज्यादा बढ़ गया है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार दीपावली से पहले दोनों शहरों का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) मॉडरेट श्रेणी में था जो पुअर श्रेणी तक पहुंच गया है। काशीपुर का एक्यूआई 246 और रुद्रपुर का एक्यूआई 232 दर्ज किया गया। प्रदूषण का स्तर मापने के लिए काशीपुर के एलडी भट्ट अस्पताल और रुद्रपुर के नगर निगम में संयंत्र लगाए गए हैं। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी सोमपाल सिंह ने बताया कि तीन नवंबर को काशीपुर का एक्यूआई 121 जबकि रुद्रपुर का 115 दर्ज किया गया था। दीपावली के बाद प्रदूषण का स्तर बढ़ गया है। वातावरण में प्रदूषण बढ़ने के कारण लोगों में श्वास संबंधी बीमारियों के बढ़ने की आशंका है।



प्रकृति प्रेमी गुरुरानी ने पौधरोपण कर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष व राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी ने अस्कोट के प्रसिद्ध मल्लिकार्जुन मंदिर परिसर में पौधरोपण अभियान के 848वें दिन मंदिर के पंडित प्रकाश पंत के नेतृत्व मेंस्द्राक्ष का पौधा रोपित करने के बाद अस्कोट में चल रहे अस्कोट संघर्ष समिति के बैनर तले 13 सूत्रीय मांगों का धरना स्थल पर जाकर समर्थन किया। दिनेश गुरु रानी ने कहा कि उन्होंने 13 सूत्रीय मांगों के संबंध में उप जिलाधिकारी डीडीहाट खुशबू पांडे से वार्ता की जिसमें उनके द्वारा प्रशासन स्तर की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने की बात कही गई। उन्होंने कहा कि एक पत्र उनके द्वारा उप जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित किया गया उन्होंने कहा कि अगर शीघ्र उनकी मांगों का समाधान नहीं किया गया तो उत्तराखंड क्रांति दल भी उनकी मांगों का समर्थन करते हुए आंदोलन करेगा जिसकी संपूर्ण जवाब देही शासन और प्रशासन की होगी। धरना स्थल पर उत्तराखंड क्रांति दल के गोविंद रावत, विक्रम सिंह पाल, संघर्ष समिति के अध्यक्ष तरुण पाल कपिल, बंटी पाल, नवीन उपाध्याय,कैलाश पाल, मनोज लुंठी, डॉ. खरेंद्र जोशी व हरीश पाल सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

समाज के हर वर्ग के उत्थान हेतु सरकार कृत संकल्पः डा.आर्य

नैनीताल

हमारे संवाददाता

भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य डॉ. भुवन चंद्र आर्य ने मंगलवार को नैनीताल विधान सभा के बेतालघाट विकास खंड के अंतिम छोर ग्राम सभा दिकधरी कालाखेत में बैठक की, जिसमें डबल इंजन सरकार की युवाओं तथा महिलाओं एवं कृषकों के लिए लाभकारी योजनाओं के बारे में घर घर जाकर बताया।

डा.आर्य के मुताबिक इस दौरान लोगों ने डबल इंजन सरकार की कामयाबियों पर हर्ष व्यक्त किया। डा.आर्य ने कहा कि सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है, उन्होंने लोगों से सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया।

इस मौके पर खीम सिंह बिष्ट वरिष्ठ कार्यकर्ता भाजपा पूरन सिंह बिष्ट समेत मनोहर सिंह, पंकज सिंह, मदन सिंह, बृजेंद्र सिंह, संदीप बिष्ट, पंकज आर्य, जगत सिंह बिष्ट, पूर्व प्रधानाचार्य सुरेन्द्र सिंह मेहरा , मोहन सिंह मेहरा, उमेद सिंह रावत, ,रेखा रावत, अंबा रावत, चंपा देवी,करन जैडा, हीरा सिंह बिष्ट, शेर सिंह बिष्ट, पूरन सिंह, बलवंत सिंह, सुनीता देवी, त्रिभुवन सिंह , उप ग्राम प्रधान महेंद्र सिंह, उप सरपंच मनोहर सिंह समेत दिनेश बिष्ट, भुवन बिष्ट व कविता बिष्ट उपस्थित रहे।



NEWS / फटाफट



दीप पर्व दीपावली पर नैनीताल जगमगानैनीताल में इस दिनों दीप पर्व दीपावली के चलते नगर के वाशिंदों के साथ ही व्यवसायिक प्रतिष्ठान बिजली की मालाओं से रोशन हैं। खास बात यह है कि रात होते ही दूर से ही बिजली की मालाओं की रोशनी से पूरा नैनीताल शहर हर कोने से देखने में बेहद ही आकर्षक नजर आ रहा है।

गोवर्धन पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, प्रकृति के संरक्षण की प्रेरणा हैः प्रो. ललित तिवारी



नैनीताल। नैनीताल में गोवर्धन पूजा मंगलवार को बड़े धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर प्रो ललित तिवारी ने बताया कि गोवर्धन पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रकृति के संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के प्रति जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा भी देती है। पर्वत, वन, नदियां और वनस्पतियां मानव जीवन का आधार हैं। इनसे हमें शुद्ध हवा, पानी और भोजन मिलता है। इस दिन गायों, बैलों और बछड़ों की पूजा करने की परंपरा भी है, जो कृषि और ग्रामीण जीवन में पशुधन के महत्व को दर्शाती है। इस पर्व पर नई फसल से तैयार पकवानों का भगवान को भोग लगाया जाता है, जिसे अन्नकूट कहा जाता है। यह परंपरा धरती और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का प्रतीक है। आज के समय में जब जलवायु परिवर्तन, बढ़ते तापमान और प्रदूषण जैसी चुनौतियां सामने हैं, तब गोवर्धन पूजा का संदेश और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। यह पर्व हमें सिखाता है कि प्राकृतिक संसाधनों का केवल उपयोग ही नहीं, बल्कि उनका संरक्षण भी जरूरी है। पहाड़ों, जंगलों, नदियों और पशुधन की रक्षा करके ही पर्यावरण का संतुलन बनाए रखा जा सकता है।

सड़क किनारे खड़े 85 वाहनों का किया चालान



नैनीताल। नैनीताल में राजस्व पुलिस तथा परिवहन विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से विशेष अभियान चलाकर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान तल्लीताल से लेकर हनुमानगढ़ी के मध्य सड़क किनारे अनाधिकृत रूप से खड़े वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 85 वाहनों के चालान किए गए। मामले में उप जिलाधिकारी नवाजिश खलिक ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क किनारे अव्यवस्थित पार्किंग के कारण लगने वाले जाम से निजात दिलाना तथा यातायात व्यवस्था को सरलए सुगम एवं सुरक्षित बनाना था साथ ही नैनीताल आने वाले पर्यटकों एवं स्थानीय नागरिकों को जाम की समस्या से राहत दिलाकर उनकी यात्रा को सुखद और यादगार बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है ताकि पर्यटक यहां से सुखद अनुभव और खूबसूरत यादें लेकर लौटें।

अयारपाटा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, दवाइयां बांटी

नैनीताल। नगर के अयारपाटा वार्ड के स्टावरी लॉज क्षेत्र में सभासद मनोज साह जगाती के प्रयासों से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। गर्नी हाउस के समीप आयोजित शिविर में क्षेत्र के साथ ही अन्य वार्डों से पहुंचे लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान लोगों को निःशुल्क शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच की गई। साथ ही जरूरतमंदों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई। शिविर में डॉ. गौरव सुंदरियाल, नर्सिंग ऑफिसर नीमा बिष्ट, एएनएम बबीता ऐठानी, एमपीडब्लू त्रिलोक चंद तथा आशा कार्यकर्ता मुस्कान जोशी और हेमा जोशी ने स्वास्थ्य सेवाएं दीं। इस दौरान लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया गया। शिविर के माध्यम से स्थानीय लोगों को उनके क्षेत्र में ही प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई गईं।

पांच दिन बाद भी भ्रूण फेंकने वाले का नहीं लगा सुराग, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के मल्लीताल स्थित स्वास्थ्य निदेशक कार्यालय के गेट के पास भ्रूण फेंकने वाले का पांच दिन बीतने के बाद मंगलवार तक भी कोई सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। आरोपी की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है लेकिन अब तक पुलिस को कोई ठोस जानकारी हाथ नहीं लगी है।

जानकारी के अनुसार धनतेरस की सुबह यानी 6 नवंबर को सफाई कर्मचारी स्वास्थ्य निदेशक कार्यालय के गेट के समीप सफाई कर रहे थे। इसी दौरान वहां खड़ी टैक्सी कारों के बीच उन्हें एक भ्रूण दिखाई दिया। कर्मचारियों की सूचना पर बीडी पांडे अस्पताल की चिकित्सकीय टीम मौके पर पहुंची और भ्रूण को अस्पताल ले गई। चिकित्सकीय जांच में उसके मृत होने की पुष्टि हुई थी। बीडी पांडे अस्पताल की पीएमएस डॉण् द्रौपदी गर्ब्याल ने बताया था कि भ्रूण फीमेल था और करीब सात माह का प्रतीत हो रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी थी। लेकिन जांच के बाद भी मंगलवार तक भ्रूण को फेंकने वाले का पता नहीं चल पाया है। मामले में सीओ अंजना नेगी ने बताया कि पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। भ्रूण वहां किसने और किन परिस्थितियों में फेंकाए इसकी जानकारी जुटाने के प्रयास किए जा रहे हैं। मामले से जुड़े अन्य पहलुओं को भी ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। फिलहाल भ्रूण फेंकने वाले की पहचान नहीं हो पाई है।

सर्वार्थ सिद्धि योग व अमृत सिद्धि योग में मनाया जाएगा आज भैया दूज पर्व

नैनीताल। नैनीताल के समीपवर्ती गेठिया गांव निवासी आचार्य/ज्योतिषाचार्य पंडित प्रकाश चंद्र जोशी के मुताबिक बुधवार (आज) को सर्वार्थ सिद्धि योग एवं अमृत सिद्धि योग में भैया दूज पर्व मनाया जाएगा।

पंडित जोशी ने बताया कि इस दिन यदि द्वितीया तिथि की बात करें तो शाम 3.54 बजे तक द्वितीया तिथि रहेगी। अनुराधा नामक नक्षत्र प्रातः 11.38 तक है। कौलव नामक करण शाम 3.54 बजे तक रहेगा। चंद्र देव दिन भर वृश्चिक राशि में विराजमान रहेंगे। सबसे महत्वपूर्ण यदि सर्वार्थ सिद्धि और अमृत सिद्धि योग की बात करें तो यह दोनों ही योग प्रातः 6.37 से प्रारंभ होकर प्रातः 11.38 तक रहेंगे। भाई को तिलक करने और चूड़े पूजने का भी यह श्रेष्ठ मुहूर्त रहेगा। ज्योतिष शास्त्र केअनुसार जब भाई दूज के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग का महासंयोग बनता है तो इस दिन किए जाने वाले तिलक, पूजन और भाई-बहन के अनुष्ठानों का फल कई गुना बढ़ जाता है।

नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

अभिमत

एक और खतरा

तकनीक के युग में मोबाइल फोन, कम्प्यूटर, लैपटॉप, टेलीविजन, चार्जर, बैटरी, प्रिंटर और अन्य उपकरण जीवन का अभिन्न अंग बन गये हैं। पुराने और निष्प्रभावी इलेक्ट्रानिक उपकरणों का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण नहीं होना गंभीर समस्या बन गया है। ई-कचरे का सीसा और पारा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। घर और दुकानों के कचरे के साथ निष्प्रभावी इलेक्ट्रानिक उपकरण को नहीं फेंका जाना चाहिए। ई-कचरे के सुरक्षित निस्तारण की व्यवस्था स्थानीय प्रशासन को मेडिकल कचरे की तरह करने की जरूरत है।

ध्वनि, वायु और जल प्रदूषण की तरह एक और प्रदूषण का गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। भारत समेत दुनिया के कई देशों में ई-कचरा मिट्टी तथा जल को प्रदूषित कर रहा है। तकनीक के युग में मोबाइल फोन, कम्प्यूटर, लैपटॉप, टेलीविजन, चार्जर, बैटरी, प्रिंटर और अन्य उपकरण जीवन का अभिन्न अंग बन गये हैं। पुराने और निष्प्रभावी इलेक्ट्रानिक उपकरणों का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण नहीं होना गंभीर समस्या बन गया है। ई-कचरे का सीसा और पारा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। घर और दुकानों के कचरे के साथ निष्प्रभावी इलेक्ट्रानिक उपकरण को नहीं फेंका जाना चाहिए। ई-कचरे के सुरक्षित निस्तारण की व्यवस्था स्थानीय प्रशासन को मेडिकल कचरे की तरह करने की जरूरत है। ई-कचरे का रिसाइकलिंग करने से बहुमूल्य प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण भी होगा। नये इलेक्ट्रानिक उपकरणों के निर्माण के लिए रॉ-मेटेरियल के तौर पर प्राकृतिक संसाधन का इस्तेमाल कम करने के लिए रिसाइकलिंग और अन्य विकल्प तलाशने होंगे। अज्ञानता के कारण ई-कचरे को खुले स्थान पर जलाना भी घातक है। प्रशासन द्वारा ई-कचरा संग्रह केन्द्र खोले जाने पर लोग पुराने इलेक्ट्रानिक उपकरणों को निस्तारण के लिए दे सकते हैं। इलेक्ट्रानिक उपकरण कंपनियों ने सर्विस सेंटर स्थापित किये हैं। सर्विस सेंटर में ही ई-कचरा प्रबंधन का कार्य करना आसान होगा। कई कंपनियों ने पुराने फ्रिज, मोबाइल फोन कम कीमत पर लेकर नये उपकरण देने की स्कीम शुरू की है। पुराने उपकरणों के कलपुर्जों का उपयोग करके प्रोडक्शन लॉस पर नियंत्रण किया जा रहा है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने ई-कचरा प्रबंधन के लिए ऑनलाइन पोर्टल बनाया है, जिसके माध्यम से इलेक्ट्रानिक उत्पाद निर्माता कंपनियां रिसाइकलिंग इकाई स्थापित कर सकती हैं। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भी ई-कचरे के निस्तारण को प्रयासरत है। इलेक्ट्रानिक उपकरणों से जुड़ा ऑटोमोबाइल उद्योग है। दोपहिया वाहन, ई-रिक्शा और आधुनिक कार में इलेक्ट्रानिक उपकरण का इस्तेमाल हो रहा है। कंपनियों द्वारा हर साल वाहनों में नये परिवर्तन करके बिक्री बढ़ाने की कोशिश की जाती है। वर्तमान में पुरानी कार बेचने की समस्या गंभीर होती जा रही है। पुलिस द्वारा जब्त दो-पहिया और चार-पहिया वाहनों के कबाड़ का निस्तारण नहीं हो रहा है। वाहनों के इलेक्ट्रानिक उपकरणों से भी प्रदूषण उत्पन्न हो रहा है। ई-कचरे के निस्तारण को प्राथमिकता देने की जरूरत है।

निर्माणाधीन भवन में गार्ड से मारपीट कॉपर वायर लूटा, चार युवक गिरफ्तार

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

शहर में चोरी और लूट की वारदातों को अंजाम देने वालों के हौसले किस कदर बढ़ रहे हैं, इसका ताजा मामला हीरानगर चौकी क्षेत्र में सामने आया है।

निर्माणाधीन भवन को निशाना बनाकर बदमाशों ने पहले सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट की और फिर बिजली का कीमती कॉपर वायर व सीसीटीवी कैमरों के एडॉप्टर लूटकर फरार हो गए। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के मुताबिक, चिकित्सक डॉ. अरुण जोशी ने इस मामले में कोतवाली हल्द्वानी में तहरीर दी थी। वह वर्तमान में एसटीएच चिकित्सालय के चिकित्सक आवास में रहते हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक संजीत राठौर को सौंपी थी।कोतवाल विजय सिंह मेहता के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। सुरागरसी और पतारसी के बाद राजपुरा निवासी चार युवकों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे आदेश कुमार, विकास कश्यप, शिवम कश्यप, कमल घोष उर्फ बिल्लू सांडा निवासी राजपुरा शिव मंदिर के नीचे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पॉलीकैब कंपनी के 4 एमएम और 2.5 एमएम कॉपर वायर के दो डिब्बे तथा करीब छह किलोग्राम जला हुआ कॉपर वायर बरामद किया है। बरामदगी के आधार पर मुकदमे दर्ज कर न्यायालय में पेश किया ।

पुलिस टीम में चौकी प्रभारी हीरानगर संजीत राठौर, हेड कांस्टेबल मनोज कुमार और कांस्टेबल ललित नाथ शामिल रहे।



खुलासा: नशे के इंजेक्शन को लेकर विवाद, दोस्त ने ही घोंटा अभया का गला

खटीमा। खटीमा में लापता हुए 20 वर्षीय युवक अभय उर्फ लल्लू की हत्या का सनसनीखेज खुलासा हुआ है। युवक की हत्या किसी और ने नहीं, बल्कि उसके ही दोस्त ने की थी। नशे के इंजेक्शन को लेकर हुए विवाद में आरोपी ने पहले अभय का गला दबाया और फिर उसके लोअर के नाड़े से गला घोंटकर हत्या कर दी। वारदात के बाद शव को गटर में छिपा दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर शव और हत्या में प्रयुक्त नाड़ा बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार, शिव कॉलोनी निवासी अभय उर्फ लल्लू सात नवंबर की रात करीब नौ बजे घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चलने पर नौ नवंबर को उसके बड़े भाई रवि ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई। जांच के दौरान पुलिस को अभय के परिचित संजय गुप्ता (25) पर शक हुआ। संजय ने अभय का मोबाइल उसके परिजनों को यह कहकर लौटाया था कि उसे रास्ते में पड़ा मिला है। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की तो हत्या का राज खुल गया।

पटाखे का लालच और फिर हैवानियत, आठ साल की बच्ची से दुष्कर्म

काशीपुर। काशीपुर आईटीआई क्षेत्र में मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। एक युवक ने आठ साल की मासूम बच्ची को पटाखे दिलाने का लालच दिया और झाड़ियों में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस घटना से इलाके में आक्रोश फैल गया है। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना दस नवंबर 2026 की शाम करीब 6:15 बजे की है। पीड़िता के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि कालोनी निवासी नीरज उर्फ चेनू उर्फ पंकज पुत्र आलोक उसकी आठ वर्ष की मासूम बच्ची को पटाखे दिलाने के बहाने बहला-फुसलाकर ले गया। आरोपी उसे शुगर मिल की दीवार के पास झाड़ियों में ले गया और वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। किसी तरह घर पहुंची पीड़िता ने रोते हुए परिजनों को आपबीती सुनाई। इससे परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई।

वन विश्राम गृह पहाड़पानी में न्यायाधीश न्यायमूर्ति आलोक मेहरा ने किया पौधरोपण

धारी

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति आलोक मेहरा द्वारा वन विश्राम गृह पहाड़पानी में आगमन किया गया। इस अवसर पर वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

इस दौरान न्यायमूर्ति आलोक मेहरा ने वन विभाग के कर्मचारियों के साथ वन्यजीव संरक्षण व वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा तथा मानव.वन्यजीव संघर्ष जैसी महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की साथ ही वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास के संरक्षण व जैव विविधता को बनाए रखने तथा वन विभाग द्वारा वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा हेतु किए जा रहे कार्यों के संबंध में विचार.विमर्श किया गया। इस अवसर पर उपस्थित वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा वन एवं वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों एवं विभागीय गतिविधियों की जानकारी भी साझा की गईसाथ ही न्यायमूर्ति द्वारा वनों एवं वन्य जीवों के संरक्षण के लिए वन विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना भी की।

कार्यक्रम के दौरान वन एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता व आपसी समन्वय एवं भविष्य में संरक्षण कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया।इस अवसर पर न्यायमूर्ति आलोक मेहरा के अतिरिक्त वन क्षेत्राधिकारी उत्तरी गौला रेंज विजय चन्द्र भट्ट समेत पूरन मेलकानी, अभय कुमार, बलवन्त भैसोड़ा, मनोज कैड़ा, सोबन सिंह, नीरज नेगी, गौरव बर्गली, सुरेश मेलकानी व खष्टी कुमार आदि उपस्थित रहे।



फिल्मी दुनिया

रामायण देखकर ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी हुईं हैरान



दिग्गज अभिनेत्री हेमा मालिनी ने हाल ही में रिलीज हुई फिल्म रामायण पर अपनी राय दी है। अभिनेत्री ने फिल्म देखी और एक्स पर अपने विचार साझा किए। नितेश तिवारी के निर्देशन में बनी फिल्म रामायण में रणबीर कपूर, साई पल्लवी और यश मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह 05 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है। हेमा ने फिल्म के विजुअल इफेक्ट्स और कलाकारों के अभिनय की तारीफ की है।

एक्स पर हेमा मालिनी ने लिखा, मैंने रामायण फिल्म का नया वर्जन देखा। चूंकि यह एक महाकाव्य है इसलिए मैं बहुत कम उम्मीदों के साथ गई थी क्योंकि एक ऐसी कहानी में जिसके बारे में छोटे बच्चे भी जानते हैं, बहुत ज्यादा बदलाव नहीं किए जा सकते। मगर मैं इसके शानदार प्रस्तुतीकरण और बेहतरीन स्पेशल इफेक्ट्स को देखकर हैरान रह गई। इसने मुझे मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने आगे लिखा, %इसके अलावा मुख्य किरदारों की कास्टिंग भी एकदम सटीक है। मैं दर्शकों की प्रतिक्रिया देख सकती थी। वे मानो किसी दूसरे युग में पहुंच गए थे। वो फिल्म में हो रही घटनाओं का हिस्सा बन गए थे। असल में आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल ने बहुत फर्क डाला। भारतीय दर्शकों के लिए यह वाकई एक बिल्कुल अनोखा अनुभव है।

रामायण की कहानी

बता दें कि रामायण में दिखाया गया है कि राक्षसों का राजा रावण तीनों लोकों पर कब्जा कर लेता है। उसे इंसानों के अलावा कोई और नहीं हरा सकता। इसके बाद भगवान विष्णु एक महान राजकुमार राम के रूप में अवतार लेते हैं। अपने पिता के वचन को निभाने के लिए, राम अपनी पत्नी सीता और भाई लक्ष्मण के साथ वनवास पर निकल जाते हैं। जब रावण सीता का अपहरण कर लेता है, तब इंसानी रूप में आए राम युद्ध के लिए तैयार होते हैं।

नैनीताल में श्रद्धा व उत्साह के साथ की गई गौमाता की पूजा-अर्चना

नैनीताल

हमारे संवाददाता

दीपावली के बाद मंगलवार को गोवर्धन पूजा के अवसर पर नैनीताल में श्रद्धा और उत्साह के साथ गौमाता की पूजा-अर्चना की गई।

बता दें इस दौरान माल्लीताल स्थित गौशाला में क्षेत्र की महिलाएं एकत्र हुईं और उन्होंने गौशाला में मौजूद सभी गायों की विधि.विधान से पूजा की और उनका आशीर्वाद लिया।पुजारी बच्ची राम पंत ने विधि.विधान के साथ पूजा.अर्चना संपन्न कराई। महिलाओं ने गायों को तिलक लगाया और पूजा कर सुख.समृद्धि की कामना की। साथ ही शहर के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी गोवर्धन पूजा के अवसर पर लोगों ने अपने घरों में बंधी गायों की पूजा कर गायों को पारंपरिक रूप से माड़े भी लगाए।इस दौरान सुमन शाह, तारा जोशी, मुन्नी भट्ट, हेमा बवाड़ी, पुष्पा बवाड़ी, नीमा जोशी, हेमा जोशी, गंगा बवाड़ी, भगवती नौटियाल, चंपा वर्मा, रेखा शाह, दीपा चौधरी, सुधा तिवारी, तनुजा तिवारी और श्वेता तिवारी आदि मौजूद रहीं।



News कॉर्नर

जुए के अड्डे पर पुलिस की रेड, 12 गिरफ्तार

काशीपुर। शहर में अवैध जुए के कारोबार पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक मकान में संचालित जुए के अड्डे का भंडाफोड़ किया है। कोतवाली काशीपुर पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने गङ्ढा कॉलोनी स्थित मकान में छापा मारकर जुआ खेल रहे 12 लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से 3,01,620 रुपये की नकदी और ताश की दो गड्डियां बरामद की हैं। एसएसपी ऊधमसिंहनगर अजय गणपति के निर्देशन में जिलेभर में अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

घर जाने की खुशी पड़ी भारी, हल्द्वानी बस स्टेशन पर टैक्सी का झांसा देकर लूटा

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता



त्योहार पर अपनों के बीच पहुंचने की खुशी लेकर हल्द्वानी उतरे एक युवक को क्या पता था कि रास्ते में ही लुटेरे उसका इंतजार कर रहे हैं। पिथौरागढ़ जाने के लिए टैक्सी तलाश रहे युवक को दो शातिरों ने मदद का भरोसा दिलाया और फिर उसे लूट का शिकार बना लिया।

टैक्सी दिलाने का झांसा देकर सुनसान जगह ले गए आरोपियों ने आईफोन, नकदी, हेडफोन और सोने की बाली लूट ली। वारदात के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मचा,पुलिस ने दोनों आरोपियों को दबोच लिया। बेरीनाग निवासी मुकेश भट्ट चंडीगढ़ में निजी नौकरी करते हैं। दीपावली की छुट्टियों में घर जाने के लिए वह बस से हल्द्वानी पहुंचे थे। रोडवेज बस स्टेशन पर पिथौरागढ़ जाने के लिए टैक्सी तलाशते समय उनकी मुलाकात दो युवकों से हुई। आरोपियों ने प्रेम टॉकीज के पास टैक्सी खड़ी होने की बात कही और उन्हें अपने साथ ले गए। इसके बाद दोनों उन्हें सुनसान स्थान पर ले पहुंचे और लूटपाट कर फरार हो गए। पीड़ित के मुताबिक, आरोपी उसका आईफोन, सात हजार रुपये, हेडफोन और कान की सोने की बाली लूट ले गए।

शिकायत पर कोतवाली में मुकदमा दर्द कर तलाश शुरू की: कोतवाल विजय सिंह मेहता के नेतृत्व में पुलिस ने घटनास्थल से लेकर शहर के विभिन्न रास्तों पर लगे करीब 100 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। सुरागरसी और पतारसी के बाद रेलवे क्रॉसिंग राजपुरा के पास से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

अभय सिंह उर्फ उड़ी पुत्र बबलू सिंह, व सूरज आर्य पुत्र यशपाल आर्य, निवासी वार्ड नंबर-12, राजपुरा।

पांच हजार नकदी समेत लूटा सामान बरामद: पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पीड़ित का आईफोन, पीली धातु की एक छोटी कान की बाली, पांच हजार रुपये नकद और हेडफोन बरामद किया है। सफलता पाने वाली टीम में कृपाल सिंह, प्रभारी चौकी भोटिया पड़ाव, कांस्टेबल विजय भारद्वाज और कांस्टेबल सतबीर सिंह शामिल रहे।

त्योहारों पर दूसरे शहरों से हल्द्वानी पहुंचने वाले यात्रियों को टैक्सी के नाम पर ठगने और लूटने वाले ऐसे गिरोहों पर सख्ती कब होगी? बस स्टेशन जैसे व्यस्त इलाके में यात्रियों की सुरक्षा भी पुलिस के लिए बड़ी चुनौती है।

बिजली के पोल से टकराई बाइक, युवक की मौत

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

दुःखद
- शादी की शहनाइयों से पहले घर में छाया मातम
- चार माह पहले रोजगार के लिए अल्मोड़ा से आया था हल्द्वानी

जिस घर में दो भाइयों की शादी की तैयारियां चल रही थीं, वहां अब मातम पसरा है। परिवार ने नई जिंदगी के सपने संजोए थे, लेकिन सड़क हादसे ने सारी खुशियां एक झटके में छीन लीं। मोटाहल्दू बाइपास पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से जा टकराई। हादसे में 22 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। चार महीने पहले ही वह रोजगार की तलाश में अल्मोड़ा से हल्द्वानी आया था।

मूल रूप से अल्मोड़ा जिले के ग्राम गल्ली, पोस्ट कफलनी (दन्या) निवासी महेंद्र कुमार पुत्र किशन राम रामपुर रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में रसोइये का काम करता था। वह रामपुर रोड से मोटाहल्दू बाइपास होते हुए बरेली रोड की ओर जा रहा था। इसी दौरान बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे एक मकान के बाहर लगे बिजली के पोल से जा भिड़ी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक चुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। महेंद्र के नाक, कान और मुंह से खून बहने लगा। हादसे की सूचना पर टीपी नगर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल महेंद्र को तत्काल सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

महेंद्र के बड़े भाई बसंत कुमार ने अस्पताल पहुंचकर उसकी शिनाख्त की। बसंत ने बताया कि दोनों भाइयों की शादी तय हो चुकी थी और परिवार में एक साथ विवाह की तैयारियां चल रही थीं। जिस भाई के साथ मिलकर खुशियों के दिन बिताने के सपने देखे थे, उसकी अर्थी उठने से पूरा परिवार टूट गया। टीपी नगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

सड़क पार कर रहे युवक की पिकअप की चपेट में आने से मौत, गाड़ी कब्जे में ली

काशीपुर
हमारे संवाददाता



काशीपुर में सड़क पार कर रहे एक युवक की पिकअप की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम कराया और पिकअप गाड़ी कब्जे में ले ली है, जबकि चालक मौके से फरार हो गया है।

काशीपुर में सड़क पार कर रहे एक युवक की पिकअप की चपेट में आने से मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने पिकअप गाड़ी कब्जे में ले ली है। जबकि चालक मौके से फरार हो गया। ग्राम प्रतापपुर निवासी बबलू (30) पुत्र स्व. दौलत सिंह गांव के बाहर टीटू की बैल्डिंग की दुकान पर काम करता था। मंगलवार की रात करीब आठ बजे वह अपनी दुकान से सड़क पार लगे ठेले से फास्टफूट लेने जा रहा था। इसी दौरान तेज गति से आ रही पिकअप गाड़ी के चालक ने उसे रौंद दिया। हादसे में बब्लू की मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान वहां दर्जनों की संख्या में लोग एकत्र हो गए। चालक पिकप छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर मोरचरी में रखवाया। पुलिस ने पिकअप कब्जे में ले ली है।

मृतक के परिवार में मां आशा देवी के अलावा दो भाई अजय व रोहित भी है। बहन की शादी हो चुकी है। सीओ प्रशांत कुमार ने बताया कि इस मामले में तहरीर मिलने पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

नैना पीक के जंगलों में पांचवें दिन भी लापता युवक का नहीं लगा सुराग

नैनीताल
हमारे संवाददाता



दोस्तों के साथ नैनीताल घूमने आया युवक अर्णव कुमार सिंह (प्रिंस कुमार) पांच दिन बाद भी नहीं मिल पाया है। नैनीताल की सबसे ऊंची चोटी नैना पीक के घने जंगलों में लापता युवक की तलाश में पुलिस, एसडीआरएफ व वन विभाग तथा डॉग स्क्वॉड और ड्रोन टीमों का संयुक्त सर्च अभियान लगातार जारी है। मंगलवार को भी जंगल के दुर्गम क्षेत्रों में सघन कॉबिंग की गई लेकिन युवक का कोई सुराग नहीं मिल सका।

जानकारी के मुताबिक बिहार के मुंगेर जिले के पहरपुर निवासी अर्णव कुमार सिंह भीमताल स्थित ग्राफि क एरा कॉलेज का छात्र है। बीते 6 नवंबर को वह अपने दोस्तों के साथ नैनीताल घूमने आया था। चारों दोस्त नैना पीक की ट्रैकिंग पर निकले थे। इसी दौरान शाम करीब पांच बजे अर्णव अपने साथियों से बिछड़ गया। काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चलने पर दोस्तों ने पुलिस को सूचना दी इसके बाद पुलिस ने एसडीआरएफ , वन विभाग और अन्य टीमों के साथ सर्च अभियान शुरू किया।

पिछले पांच दिनों से जंगल के अलग.अलग हिस्सों में तलाश की जा रही है। दुर्गम रास्तों और घने जंगलों में ड्रोन कैमरों से निगरानी के साथ डॉग स्क्वॉड की मदद भी ली जा रही है। इसके बावजूद अब तक सफलता नहीं मिल सकी है। जिले के पुलिस कप्तान डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर एसपी डॉ. जगदीश चंद्र के मार्गदर्शन और सीओ अंजना नेगी के पर्यवेक्षण में अभियान चलाया जा रहा है,वहीं मल्लीताल कोतवाली प्रभारी राजेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में पुलिस की टीमें लगातार जंगल में कॉबिंग कर रही हैं। फिलहाल युवक की तलाश में संयुक्त अभियान जारी है।

मतदाता सूची से 28 नाम हटाने की कथित साजिश, पुलिस को अदालत से झटका

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

अदालत से
- पहचान के दुरुपयोग के मामले में एफआईआर पर रोक लगाने की मांग खारिज, मजिस्ट्रेट का आदेश बरकरार

मतदाता सूची से नाम हटाने के कथित खेल में बनभूलपुरा पुलिस को अदालत से राहत नहीं मिली। दूसरे व्यक्ति की पहचान का दुरुपयोग कर निर्वाचन आयोग के पोर्टल पर 28 मतदाताओं के नाम कटवाने के लिए आवेदन करने के मामले में एफआईआर दर्ज करने के मजिस्ट्रेट के आदेश पर रोक लगाने की पुलिस की कोशिश नाकाम हो गई। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने पुलिस की स्थगन याचिका खारिज कर दी। इससे फिलहाल एफआईआर दर्ज कर जांच कराने का आदेश प्रभावी बना हुआ है।

मामला इंदिरानगर निवासी इकराम अली की शिकायत से जुड़ा है। आरोप है कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी पहचान का कथित दुरुपयोग कर निर्वाचन आयोग के पोर्टल पर प्रपत्र-7 के माध्यम से भाग संख्या 134 के 28 मतदाताओं के नाम हटाने के लिए ऑनलाइन आवेदन किए। इकराम अली का कहना है कि उन्होंने न तो ये आवेदन किए और न ही किसी को इसकी अनुमति दी।

शिकायत के बावजूद पुलिस से कार्रवाई नहीं होने पर इकराम अली ने अधिवक्ता मनीष कुमार पांडे के माध्यम से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 175(3) के तहत अदालत का दरवाजा खटखटाया। छह अक्टूबर 2026 को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम, हल्द्वानी ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर नियमानुसार विवेचना करने के आदेश दिए थे।

इस आदेश के खिलाफ बनभूलपुरा पुलिस ने पुनरीक्षण याचिका दाखिल कर रोक लगाने की मांग की थी। तीस अक्टूबर को प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार को अदालत ने पुलिस की अंतरिम स्थगन याचिका खारिज कर दी। अधिवक्ता के अनुसार, अदालत ने पुलिस अधिकारी को पीड़ित पक्ष के रूप में याचिका दाखिल करने का अधिकारी नहीं माना। साथ ही संज्ञेय अपराध की सूचना मिलने पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच करना पुलिस का कानूनी दायित्व बताया।

पुलिस की पुनरीक्षण याचिका पर अंतिम फैसला अभी बाकी है। मामले की अगली सुनवाई सात दिसंबर 2026 को होगी। फिलहाल अदालत के फैसले ने पुलिस की रोक लगाने की कोशिश को झटका देते हुए मजिस्ट्रेट के आदेश को प्रभावी रखा है।

रुद्रपुर में गत्ता फैक्ट्री में भीषण आग, मचा हड़कंप

रुद्रपुर। रुद्रपुर में मोहनपुर नंबर दो स्थित गत्ते की फैक्ट्री में मंगलवार रात आग भड़कने से हड़कंप मच गया। आग ने विकराल रूप लिया तो रुद्रपुर से अतिरिक्त दमकल वाहन बुलाना पड़ा। पंतनगर की फायर यूनिट भी मौके पर पहुंची। दोनों फायर स्टेशनों की टीमों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

पुलिस को देखकर भागा युवक, थैले में मिला नशे का जखीरा

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

शहर में नशे का कारोबार किस तरह युवाओं की जिंदगी को गिरफ्त में ले रहा है, इसकी एक और तस्वीर बनभूलपुरा में सामने आई है। पुलिस को देखकर भागने की कोशिश कर रहे एक युवक के हाथ से गिरे थैले ने नशे के कारोबार का राज खोल दिया। तलाशी ली गई तो उसमें नशे के दर्जनों इंजेक्शन बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने खुद नशे का सेवन करने और बाकी इंजेक्शन बेचकर खर्च चलाने की बात कबूल की। बनभूलपुरा थाना पुलिस के अनुसार, शाम उपनिरीक्षक बबीता मेहरा पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त और संदिग्धों की चेकिंग कर रही थीं। टीम गोला पार्किंग कट से स्लेटर हाउस की ओर पैदल जा रही थी। इसी दौरान हाथ में थैला लेकर आ रहा एक युवक पुलिस को देखकर अचानक पीछे मुड़ा और तेजी से भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने पीछा किया तो वह लड़खड़ाकर बिजली के खंभे के पास गिर पड़ा। पुलिस ने उसे दबोच लिया। भागते समय उसके हाथ से थैला भी गिर गया था। थैले की तलाशी लेने पर उसमें 35 इंजेक्शन बरामद हुए। पकड़े गए युवक की पहचान अनीस उर्फ बेदा पुत्र रफीक निवासी दुर्गा मंदिर के पास इंदिरानगर,के रूप में हुई। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह कुछ इंजेक्शन खुद नशे के लिए इस्तेमाल करता है, जबकि बाकी बेच देता है।

दीपावली की खुशियां बांटकर यो पहाड़ फाउंडेशन ने पेश की इंसानियत की मिसाल

नैनीताल
हमारे संवाददाता



दीप पर्व दीपावली केवल दीप जलाने और मिठाइयाँ बाँटने का त्योहार नहीं बल्कि दूसरों के जीवन में खुशियों का उजाला फैलाने का भी पर्व है। इसी भावना को साकार करते हुए यो पहाड़ फाउंडेशन की युवा टीम ने इस दीपावली को समाज के उन लोगों के साथ मनाया,जिन्हें स्नेह व अपनापन और सहयोग की सबसे अधिक आवश्यकता है।

संस्था की टीम ने डॉ. संतोख बिष्ट, नीरज बिष्ट, चेतन मेहरा, दीपक बिष्ट, मयंक साह एवं गर्वित चौधरी के नेतृत्व और सहभागिता में हल्द्वानी शहर जाकर बुद्धजनों तथा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के साथ दीपावली की खुशियाँ साझा कीं इस अवसर पर विशेष बच्चों को गर्म कपड़े, मिठाइयाँ एवं फ ल वितरित किए गए वहीं बुजुर्गों को भी गर्म कपड़े, मिठाइयाँ और फल भेंट किए गए। टीम के सदस्यों ने बुजुर्गों के साथ समय बिताया उनसे जीवन के अनुभव सुने तथा बच्चों के साथ हँसी,खुशी के पल साझा किए और बातचीत के माध्यम से उनका मनोबल बढ़ाने का प्रयास किया। इस आत्मीय मुलाकात में टीम को बुजुर्गों का स्नेह और आशीर्वाद भी प्राप्त हुआ। इस पहल की सबसे खास और प्रेरणादायक बात यह रही कि बुजुर्गों को वितरित की गई ऊनी टोपियाँ और मोजे पहाड़ की स्थानीय महिलाओं ने अपने हाथों से बुनकर तैयार किए थे। इससे जरूरतमंदों को सर्दी से बचाव का साधन मिलने के साथ स्थानीय पहाड़ी महिलाओं के हुनर और स्वरोजगार को भी प्रोत्साहन मिला। संस्था का प्रयास है कि सामाजिक सेवा के साथ.साथ स्थानीय लोगों की आजीविका को भी मजबूत बनाया जाए। बता दें संस्था पिछले कुछ समय से शिक्षा, बाल विकास व जरूरतमंद परिवारों की सहायता, महिला स्वरोजगार, ग्रामीण विकास और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही है।